हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

06 भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार...



07 तुलसी सरोवर जल संसाधन विभाग का है यहां नपा सालों से कर रही...





# कट्टे की नोक पर बुजुर्ग दंपती को बंधक बनाकर लूटपाट की

## लाखों रुपए नकदी और गहनों की लूट की घटना को अंजाम दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



हाल ही में जिला मुख्यालय पर नानाखेड़ी क्षेत्र में खेले गए खूनी तांडव की घटना से अभी लोगों की दहशत मिटी नहीं थी कि जिले में कानून व्यवस्था को खुले आम चुनौती देने वाली एक और बड़ी वारदात सामने आई है।

मृगवास थाना क्षेत्र के बकन्या गांव की है जहां रविवार देर रात 5 अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग दंपती को बंधक बनाकर लाखों रुपये की नगदी और गहनों की लूट की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान दंपती के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।कट्टे की नोक पर बंधक बनाकर की मारपीट पीड़ित वेंकट वैरागी के अनुसार, देर रात पांच बदमाश घर में घुस आए और उन्हें व उनकी पत्नी को कट्टे की नोक पर बंधक बना लिया। आरोपियों ने नकदी और गहनों की जानकारी लेने के लिए दोनों के साथ जमकर मारपीट की। बदमाशों ने इतनी बेरहमी दिखाई कि दंपती के दांत तक टूट गए और उन्हें गंभीर अंदरूनी चोटें आईं।

### लाखों की लूट के बाद बांधकर फरार

जब बदमाशों को नकदी और गहने मिल गए, तो उन्होंने दंपती के हाथ-पैर और मुंह बांध दिए और मौके से फरार हो गए। किसी तरह खुद को छुड़ाकर दंपती ने पड़ोसियों को बुलाया, जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।मारपीट में बुजुर्ग दंपती को गंभीर चोटें आई हैं। दांत टूटने और अंदरूनी चोटों के कारण उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है।

### इलाके में दहशत, बढ़ते अपराध पर उठे सवाल

घटना के बाद पूरे इलाके में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं और चोरी-लूट की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना गहरी होती जा रही है।

### एसपी ने की जांच टीम गठित

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी हितिका वासल मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की जांच के लिए उन्होंने 2 डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## नगर के इवेंट

### ओमकार नर्सिंग महाविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल के 57वें स्थापना दिवस पर सेमिनार आयोजित




गुना। स्थानीय कलमकार कॉलोनी स्थित ओमकार नर्सिंग महाविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वावधान में 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य विजय कुमार जैन ने अपने संबोधन में शिक्षा नीति में "रामत्व" को शामिल करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि मधुवाला सक्सेना ने भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यों एवं स्थापना दिवस के महत्व की जानकारी दी, जबकि दिलीप सक्सेना ने युवा पीढ़ी को चरित्र निर्माण के लिए रामत्व अपनाने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता डॉ. सतीश चतुर्वेदी (सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार) ने रामत्व की व्याख्या करते हुए श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर बल दिया। महाविद्यालय के चेयरमैन प्रदीप सेन ने कहा कि यदि समाज में रामत्व का भाव स्थापित हो जाए तो "रामराज्य" की परिकल्पना साकार हो सकती है।कार्यक्रम में महाविद्यालय के संचालक आनंद मंगल, प्रशासनिक अधिकारी कुनाल देशमुख, मनीष श्रीवास्तव, प्राचार्य निर्मल नागर सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ललित सेन ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शिवचरण करोंट ने किया।

### विश्व हिंदू परिषद—बजरंग दल ने सामाजिक समरसता रथ यात्रा का किया भव्य स्वागत




गुना। विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली जा रही सामाजिक समरसता रथ यात्रा का गुना शहर में विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। अहिंसा सर्किल पर कार्यकर्ताओं ने रथ यात्रा पर पुष्पवर्षा कर संतों का अभिनंदन किया तथा तिलक लगाकर स्वागत किया।इस दौरान "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" और "जय श्रीराम" के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।रथ यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि इसका लक्ष्य समाज में आपसी समरसता, भाईचारा और एकता को मजबूत करना है। यात्रा विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर सामाजिक एकजुटता का संदेश दे रही है।कार्यक्रम में महामंडलेश्वर प्रभुतानंद जी महाराज, संत तारणदास सहित कई संत एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे। विहिप और बजरंग दल के जिला एवं विभागीय पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री राकेश शर्मा ने किया ।

### रोटरी क्लब रॉयल ने अजमेर-कलकत्ता बटालियन के 83 जवानों का किया भव्य स्वागत



गुना। शहर के रेलवे स्टेशन पर उस समय देशप्रेम का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जब रोटरी क्लब गुना रॉयल के सदस्यों ने अजमेर से कलकत्ता की ओर जा रहे देश के वीर जवानों का आत्मीय अभिनंदन किया। अजमेर जी.सी. 1 एडहॉक बटालियन के 83 जवानों का यह दल जैसे ही स्टेशन पहुँचा, क्लब के सदस्यों ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया।ऑफिसर इन कमांडर राजेश के नेतृत्व वाले इस दल में इंस्पेक्टर बलवीर सिंह, रमेश चंद और वीरेंद्र सिंह सहित पूरी पलटन का पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मान किया गया। रोटरी क्लब द्वारा सभी जवानों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई और उनके कठिन परिश्रम व राष्ट्र सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया गया। क्लब के अध्यक्ष सौरभ जैन, सचिव जितेंद्र वर्मा और कोषाध्यक्ष उत्कर्ष सराफ ने जवानों का अभिनंदन करते हुए कहा कि सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना हर नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम के संयोजक अंकुर दुसांज रहे। इस अवसर पर अभिजीत गोयल, आयुष जैन, ईशान राठौर सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे,।

### जामनेर पुलिस की जुआ फड़ पर दबिश: घर के कमरे में दांव लगा रहे 6 जुआरी गिरफ्तार

गुना। जिले के जामनेर थाना पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम कुडईमारू में एक मकान पर दबिश देकर बड़े जुआ फड़ का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे 6 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी के निर्देशन में उपनिरीक्षक हेमेन्द्र सिंह राजपूत और पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए महेन्द्र पुत्र घासीराम मीना, रवि पुत्र मटरूलाल मीना, विष्णु पुत्र बाबूलाल मीना, आशीष पुत्र हरिसिंह मीना, दिलीप पुत्र मदन सिंह मीना और पर्वत पुत्र रामनारायण मीना (सभी निवासी कुडईमारू) को दबोच लिया। तलाशी के दौरान जुआरियों के पास से और फड़ से कुल 14,800 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए।

## कई बार गुहार लगाने के बाद भी प्रशासन की अनदेखी पर फूटा गुस्सा

# एक साल से वेतन एरियर नहीं अब हड़ताल पर वाहन चालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारी 'वाहन चालकों को पिछले एक वर्ष से वेतन एरियर नहीं मिलने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। आर्थिक तंगी और प्रशासनिक उदासीनता से परेशान होकर आखिरकार उन्होंने हड़ताल का रास्ता अपनाया। कई बार कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देने के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो मजबूर होकर यह कदम उठाना पड़ा। बताया जा रहा है कि नगर पालिका में आउटसोर्स कर्मचारी के तौर पर लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन बीते एक साल से उन्हें नियमित वेतन नहीं मिला। इस दौरान उन्होंने कई बार जिला प्रशासन, नगर पालिका अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के दरवाजे खटखटाए, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला, समाधान नहीं। वेतन न मिलने के कारण उनके परिवार की आर्थिक स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है। रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और इलाज जैसी मूलभूत जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। मजबूरी में उन्हें कर्ज लेना पड़ा, जिससे अब वे कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं।

### ज्ञापन पर ज्ञापन, लेकिन कार्रवाई शून्य

वाहन चालकों ने कई बार कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में भी अपनी समस्या रखी। हर बार अधिकारियों ने जल्द समाधान का भरोसा दिया, लेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस लापरवाही से आहत होकर उन्होंने अब खुली हड़ताल शुरू कर दी है।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल

इस पूरे मामले ने नगर पालिका और जिला प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक कर्मचारी को एक साल तक वेतन न मिलना न सिर्फ प्रशासनिक विफलता है, बल्कि मानवता के भी खिलाफ है। सवाल यह उठता है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी कब तक ऐसे मामलों में चुप्पी साधे रहेंगे?

### अन्य कर्मचारियों में भी आक्रोश

इस घटना के बाद नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे भी आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक कर्मचारी ने बताया कि वे राजस्व के कार्य में लगे हुए हैं उन्हें भी कई महीनो से वेतन नहीं मिला लेकिन राजस्व जो प्राप्ति होती है उसी से घर चला रहे हैं जब तक वेतन नहीं मिल जाता तब तक ऐसे ही काम चलेगा बाद में इसकी भरपाई अपनी तनख्वाह से कर देंगे। अब देखना यह होगा हड़ताल के बाद क्या प्रशासन जागेगा या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा? फिलहाल, एक कर्मचारी की पीड़ा ने सिस्टम की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है।

**इनका कहना है**

पूरे मध्यप्रदेश में पोर्टल बंद है इसलिए उनका एरियल भुगतान नहीं हो पाया। वेतन मिल चुका है। पार्षदों से लिखवाने का मुझे मालूम नहीं है। वाहनों की मरम्मत का काम भी कंपनी का है मेरा नहीं है। -

**मंजूषा खत्री,** प्रभारी सीएमओ, नगरपालिका गुना

## शहीद वन रक्षक हरकेश गुर्जर की याद में वन विभाग ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मप्र वन कर्मचारी संघ के बैनरतले सोमवार को वन मंडल गुना में शहीद वन रक्षक हरकेश गुर्जर की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी- कर्मचारी सहित बड़ी संख्या अन्य लोग शामिल हुए। इस दौरान डीएफओ अक्षय राठौर ने शहीद हरकेश गुर्जर के बलिदान को नमन करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनकी शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा ओर यह समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। बाद में वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कहा कि उनका हर कदम श्रद्धांजलि होगा। ज्ञातव्य रहे कि गत 08 अप्रैल को वन रक्षक हरकेश गुर्जर की अवैध रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली रोकने के दौरान मुरैना जिले के दिमनी थाना क्षेत्र के ग्राम रानपुर के तिराहे पर ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर ट्राली चढ़ाकर हत्या करदी गई थी। वन रक्षक हरकेश गुर्जर वन विभाग की टीम के साथ अवैध रेत के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने में उस दिन साथ थे। बताया गया है कि वन विभाग द्वारा हरकेश को शहीद का दर्जा दिए जाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।



## खुशियों के बीच मातम: शादी की आतिशबाजी से कड़िया गांव में भीषण आग, घर-ट्रैक्टर जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के कड़िया गांव में शादी समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी चिंगारी ने भीषण आग का रूप ले लिया, जिससे एक ग्रामीण का कच्चा मकान, मवेशियों की झोपड़ी और ट्रैक्टर-ट्राली जलकर राख हो गए। इस हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

जानकारी के अनुसार, गांव में चल रहे विवाह एवं भागवत कथा कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी की चिंगारी पास स्थित मांगीलाल के घर और मवेशी झोपड़ी पर गिर गई, जिससे आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते पूरा मकान आग की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए झोपड़ी में बंधे मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे उनकी जान बच गई, लेकिन घर में रखा सामान और ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के करीब डेढ़ घंटे बाद दमकल मौके पर पहुंची, वह भी बिना पानी के, जिससे आग पर काबू पाने में देरी हुई और नुकसान बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए समय पर सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा ने किया दीप प्रज्वलन, स्वच्छता अभियान भी चलाया

गुना ।संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें नमन किया ।भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए अपने विचार व्यक्त किए ।इसके पूर्व प्रातः पार्टी जनों द्वारा सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया ।इस अवसर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार,विधायक पन्नालाल शाक्य ,नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता,पूर्व मंत्री गोपीलाल जाटव,पूर्व विधायक राजेंद्र सलूजा,हरि सिंह यादव,योगेन्द्र लुंबा,देवेंद्र गुप्ता,महामंत्री रविन्द्र रघुवंशी,चंद्र प्रकाश अहिरवार,उपाध्यक्ष शिवपाल परमार,नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष नरेंद्र बड़कुल,सुनील मालवीय,अनिल जैन,वंदना मांडरे,गोमती ओझा,रमेश मालवीय,ओम प्रकाश मालवीय,कैलाश धाकड़,रामकुमार शर्मा,परेश भार्गव,मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव,कैलाश धाकड़,जगवीर चौहान आदि उपस्थित रहे ।

## गुना ने 2-1 से जीती हॉकी टेस्ट सीरीज अंतिम मैच में भोपाल भी जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के एतिहासिक संजय स्टेडियम स्थित एस्ट्रोटफ पर जिला हॉकी संघ गुना और आरिफ हॉकी सेंटर भोपाल की टीमों के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई। इसमें गुना ने उक्त सीरीज 2-1 से जीत ली। हालांकि, टेस्ट सीरीज का अंतिम मैच भोपाल ने 4-3 से गुना को हराकर जीत लिया।जिला हाकी संघ के सचिव बृजेश दुबे ने बताया कि हमने तय किया कि भोपाल हॉकी को टेस्ट मैच सीरीज के लिए आमंत्रित करना अच्छा अनुभव होगा। खिलाड़ियों को अनुभव एवं खेल स्तर में सुधार के लिए ऐसे आयोजन बढ़ावा देते हैं। नियमित अभ्यास के बाद खिलाड़ियों को मैच टेंपरामेंट भी बहुत आवश्यक होता है। इसी उद्देश्य से हॉकी टेस्ट सीरीज आयोजित की गई। यह भी प्रतियोगिता के समानांतर होती है। संजय स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ पर गुना व भोपालके बीच टेस्ट सीरीज का अंतिम मैच खेला गया। सीरीज के अंतिम टेस्ट मैच में भोपाल की टीम ने शुरुआती क्षणों में ही बढ़त बना ली। अब्दुल्ला ने पहला मैदानी गोलकिया। मैच के पहले क्वार्टर में गुना के रूपी ने गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। दूसरे क्वार्टर में जावेद ने शानदार मैदानी गोल कर गुना को 2-1 पर ला दिया और मध्यांतर तक गोल अंतराल 2-1 रहा। मैच के तीसरे क्वार्टर में भोपाल के आरिफ फीडर सेंटर के समीर ने गोल में इजाफा कर स्कोर 2-2 बराबर कर दिया।रोमांचक मुकाबले में तीसरे ही क्वार्टर में गुना के अखलाक ने दो खिलाड़ियों को छकाते हुए गेंद को गोल में डाल दिया। इस तरह गुना ने 3-1 की बढ़त बनाई, लेकनि भोपाल के काशिफ ने शानदार हाकी का प्रदर्शन करते हुए सेंटर लाइन से गेंद को डी तक ले गएऔर अपने साथी अयान को सुंदर पास दिया, जो उन्होंने गोल में तब्दील कर दिया। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने तक स्कोर 3-3 हो गया। मैच के अंतिम एवं चौथे क्वार्टर में गुना ने पूरे समय अच्छे तालमेल और तेजतर्रार हाकी खेली। मैच के अंतिम क्षणों में भोपाल के कासिम के डी प्रवेश करने पर गुना की रक्षा पंक्ति ने जानबूझकर बाधा पहुंचाई। इसके फलस्वरूप भोपाल को पेनाल्टी स्ट्रोक मिला, जिससे कासिफ ने भोपाल को 4-3 से आगे कर दिया। हालांकि, गुना के खिलाड़ी भोपाल पर आक्रमण के पूरे प्रयास करते रहे। इस तरह टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले में भोपाल ने 4-3 से मैच जीत लिया।




## नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा ने प्रेसवार्ता की

# कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण के नाम पर देश की आंखों में धूल झोंकी




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कभी-कभी किसी निर्णय में देश का भाग्य बदलने की क्षमता होती है। हम ऐसे ही निर्णय के साक्षी बन रहे हैं। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, यो सपना अब साकार हुआ है। ये पूरे देश के लिए बहुत ही खास समय तो है ही, साथ ही यह मातृशक्ति के कल भी अवीस्मरणीय क्षण है। ये बात नारी शक्ति चंदन अधिनियम को लेकर भाजपा द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा को उपाध्यक्ष नीलिमा शिंदे ने कहीं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति चंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं है, बल्कि सदियों से प्रतीक्षित उस सामाजिक न्याय को प्रतिज्ञा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी ने धरातल पर उतारा है। यह विधेयक महिलाओं को केवल वोट बैंक समझने वाली मानसिकता को ध्वस्त कर उन्हें नीति-निर्धारण और नेतृत्वकारी भूमिका में बैठाने का ऐतिहासिक काम करेगा। उन्होंने कहा कि सालों से संसद की दहलीज पर खड़ी भारत की बेटियोंका इंतजार अब खत्म हुआ है, क्योंकि ये अधिनियम उन्हें यो राजनीतिक सामर्थ्य दे रहा है. जहां ये स्वयं अपने और देश के भविष्य का फैसला करेंगी। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डॉ अंजली रायजादा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राजेश राजपूत एवं रुचिका श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं। महिला मोर्चा ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण के नाम पर देश की आंखों में धूल झोंकी, उनके लिए ये विधेयक केवल चुनावों के पोषणापत्र का पन्ना मात्र था, जिसे उन्होंने नीयत के साथ कभी लागू नहीं किया। कांग्रेस को आज जबाब देना चाहिए कि देश ने उन्हें दशकों तक सत्ता सौंपी तो उन्होंने महिलाओं की भागीदारी के लिए कदम क्यों नहीं उठाए।

## समाचार संक्षेप

### महाविद्यालय में कक्षाओं की कमी पर एनएसयूआई का प्रदर्शन, प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

आरोन। शासकीय महाविद्यालय आरोन में विभिन्न समस्याओं को लेकर आज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से कक्षाओं की कमी सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया गया।एनएसयूआई ने मांग की कि महाविद्यालय में बिना आईडी कार्ड के छात्रों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए तथा सभी छात्र-छात्राओं के लिए नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की जाएं। इसके अलावा महात्मा



गांधी की प्रतिमा की नियमित साफ-सफाई, कॉलेज परिसर के टॉयलेट्स की स्वच्छता सुनिश्चित करने और प्रोफेसरों द्वारा छात्रों के साथ सम्मानजनक व्यवहार की भी मांग रखी गई।हाल ही में सामने आए पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए एनएसयूआई ने निष्पक्ष और समान शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रितेश रघुवंशी के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय में छात्रों की संख्या अधिक है, लेकिन कक्षाओं की संख्या पर्याप्त नहीं है। एक ही कक्षा में अधिक छात्रों को बैठाने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है और छात्रों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या पहले भी प्रशासन के सामने रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है।ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि जल्द से जल्द नए कक्षों का निर्माण कराया जाए, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके।एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो छात्रों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रितेश रघुवंशी, उपाध्यक्ष अंकित रघुवंशी, जिगर अली, महिला कॉलेज अध्यक्ष पार्वती पंक्ति, प्रभारी विकुल जाटव, सूरज बैरागी, निखिल रजक, आयुष चौहान, मुस्कान, सोनम, लक्ष्मी, सोनिया, निधि सहित कई एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती सहित विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

आरोन। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह 14 अप्रैल मंगलवार को अपने गृह नगर आरोन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दिनभर विभिन्न सामाजिक, संगठनात्मक एवं जनसंपर्क



कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। साथ ही वे अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधायक जयवर्धन सिंह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन से मुलाकात करेंगे तथा स्थानीय समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करेंगे। इसी क्रम में वे नई मंडी रोड स्थित विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल लाल जैन के नवीन प्रतिष्ठान गुरु कृपा स्टोरटेक्स के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर शहर के जनप्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहेंगे। शुभारंभ समारोह को लेकर विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल लाल जैन ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### नीति आयोग सदस्य अर्चना जैन ने किए मुनि अविचल सागर महाराज के दर्शन, लिया आशीर्वाद

आरोन । नगर के नियम सागर भवन में विराजमान जैन मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज के दर्शन हेतु नीति आयोग सदस्य श्रीमती अर्चना जैन एवं हीरालाल पाटीदार विगत दिवस आरोन पहुंचे। दोनों ने मुनि श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।इससे पूर्व जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा विश्राम गृह में अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान जैन समाज कमेटी, जैन गौशाला समिति एवं जीव दया फाउंडेशन द्वारा अतिथियों का सम्मान भी किया गया।इस अवसर पर श्रीमती अर्चना जैन एवं श्री पाटीदार ने मुनि श्री की प्रेरणा से जीव दया फाउंडेशन द्वारा गायों एवं पक्षियों के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल बनाने की योजना की सराहना की ।

## जिला शिक्षा अधिकारी रहे शामिल

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह 12 अप्रैल 2026 को स्थानीय गायत्री मंदिर, ए.बी. रोड गुना में सम्पन्न हुआ।
कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 में शामिल 6800 विद्यार्थियों में से जिला एवं तहसील स्तर की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महेश केवट एवं विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ हुआ।
इस दौरान गुरुवंदना प्रस्तुत की गई तथा परीक्षा का वार्षिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं नैतिक शिक्षा भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कारवान बनने एवं इस प्रकार की परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में जिला एवं तहसील स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, शील्ड एवं मेडल प्रदान किए गए। वहीं कक्षा 12 में राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बंदना कॉन्वेंट स्कूल, गुना की छात्रा कु. जयांसी ओझा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, तहसील संयोजक एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील सेन ने किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन एन.पी. शर्मा द्वारा किया गया।

## आरोन थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

आगामी त्योहारों एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आरोन थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की।बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चल समारोह एवं जुलूसों में डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध



रहेगा, जिसका सभी को पालन करना अनिवार्य होगा।इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) महीमा चौधरी, नायब तहसीलदार अमित कुमार जैन, नगर परिषद अधिकारी दिनेश कुमार सोनी एवं थाना प्रभारी रविंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने सभी नागरिकों से अपील की कि त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया गया।बैठक में जनप्रतिनिधि, सर्व समाज अध्यक्ष एवं पत्रकारगण भी मौजूद रहे।

## शासकीय वेयरहाउसों में खरीदी केंद्र नहीं बनने पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़



मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के बावजूद शासकीय वेयरहाउसों में चना, मसूर एवं गेहूं उपार्जन के लिए खरीदी केंद्र स्थापित नहीं किए जाने का मामला सामने आया है।
यह स्थिति तब है जब गोदामों में पर्याप्त भंडारण क्षमता उपलब्ध है।जानकारी के अनुसार, शासन ने स्पष्ट किया है कि चना एवं मसूर की खरीदी केवल शासकीय या WDRA पंजीकृत गोदामों में ही की जाए। इसके बावजूद अन्य स्थानों पर केंद्र बनाए जाने से नियमों की अनदेखी हो रही है।स्थानीय स्तर पर बताया जा रहा है कि शासकीय गोदामों में पर्याप्त जगह खाली है, जिससे खरीदी कार्य आसानी से किया जा सकता है, फिर भी उनका उपयोग नहीं हो रहा है। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने और नियमानुसार वेयरहाउसों में ही खरीदी केंद्र स्थापित करने की मांग की है, ताकि पारदर्शिता और किसानों को सुविधा मिल सके।

## जनगणना 2027 प्रशिक्षण आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

नगर परिषद क्षेत्र में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण सोमवार से स्व. राजा बलभद्र सिंह स्टेडियम में शुरू हो रहा है। इसमें प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को



तकनीकी जानकारी, मोबाइल ऐप उपयोग और सर्वे प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा।रविवार को एसडीएम महिमा चौधरी, तहसीलदार अमित जैन और सीएमओ दिनेश सोनी ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

# आरोन में 'नारी शक्ति बंधन' कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे के निर्देशानुसार नगर परिषद आरोन द्वारा 13 अप्रैल 2026 को "नारी शक्ति बंधन" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 10 से 25 अप्रैल तक चल रहे पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसका लाइव प्रसारण भी किया गया।कार्यक्रम में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही और उन्हें महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि योजना एवं डे-एनयूएलएम योजना से लाभान्वित महिलाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए।कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिला बाल विकास पर्यवेक्षक रौनक यादव, सीओ शेख जिगर खान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, नगर परिषद स्टाफ एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।लाइव प्रसारण के माध्यम से कार्यक्रम को अधिक लोगों तक पहुंचाया गया, जिससे महिलाओं को योजनाओं की जानकारी मिल सके और वे आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित हों।

## टॉस्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को जिला टॉस्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, वन, जिला अभियोजन, स्वास्थ्य, खाद्य, परिवहन, जनजातीय कार्य, खनिज, आबकारी, खाद्य सुरक्षा विभागों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस विभाग अंतर्गत गैर बैंकिंग कम्पनियों/ चिटफण्ड कंपनियों, माइक्रो फायनेंस कंपनियों एवं अन्य कंपनियों के विरुद्ध पंजीचद्ध लंबित अपराधों की जानकारी वर्ष जनवरी 2026 तथा एनडीपीएस एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गई। वन विभाग अंतर्गत अशोकनगर वनमंडल अंतर्गत वन क्षेत्रों में अवैध कटाई अतिक्रमण / परिवहन उत्खनन शिकार एवं तस्करी, वन प्राणियों की विद्युत लाईन से सुरक्षा,वनग्रामों में सामुदायिक वनाधिकारों को पूर्ण कर विनिश्चयन करना एवं भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। सिविल सूट अंतर्गत उच्च न्यायालयों में लंबित रिट पिटीशन प्रकरणों की जानकारी,अवमानना प्रकरणों की स्थिति, न्यायालय में प्रचलित प्रकरण की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला अभियोजन के तहत जिला स्तरीय जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों, चिन्हित किये जाने वाले अपराधों की जानकारी,माह मार्च 2026 में निर्णित दोष मुक्ति चिन्हित प्रकरणों का विवरण,माह मार्च 2026 तक चिन्हित/जघन्य सनसनीखेज अपराधों की संख्यात्मक जानकारी, विशेष सत्र न्यायालय में एस.सी./एसटी एक्ट प्रकरणों की विन्दुवार जानकारी,माननीय विशेष सत्र न्यायालय में पॉक्सो एक्ट प्रकरणों की बिन्दुवार जानकारी,माह मार्च 2026 में लैंगिक अपरार्थों से चालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट) के प्रकरणों की जानकारी, माह मार्च 2026 में एस.सी. एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत निराकृत प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत औषधि विक्रय संस्थानों के निरीक्षण, औषधि/कॉस्मेटिक नमूनों की जानकारी, औषधि विक्रय अनुजप्ति की जानकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

## जिले में बाल विवाह के रोकथाम हेतु दल का गठन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु कलेक्टर साकेत मावलीय द्वारा 20 अप्रैल 2026 अक्षय तृतीया पर विशेष रुप से विवाह पर निगरानी रखते हए पूरे वर्ष अभियान अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम हेतु दलों का गठन किया गया है।

20 अप्रैल 2026 अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की सूचना हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया जाता है। कंट्रोल रूम पर संबंधित प्रभारी अपने दल के साथ पूरे समय अपने कार्यक्षेत्र पर उपस्थित रहकर जैसे ही बाल विवाह की सूचना मिलती है निम्नानुसार आवश्यक कार्यवाही करेंगे। दल प्रभारी निम्न गठित दल के अतिरिक्त अपने स्तर से भी अपने क्षेत्र अंतर्गत अन्य स्टॉफ को इस कार्य हेतु निर्देशित कर सकेंगे। कंट्रोल रुम प्रभारी दूरभाष न. 07543220065 पर प्राप्त सूचनाएँ संबंधित परियोजना अधिकारी को देंगे। जारी आदेशानुसार अनुभाग अशोकनगर के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) (दल प्रभारी) अनुविभाग अशोकनगर, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुविभाग अशोकनगर,मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी विकासखण्ड अशोकनगर, खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड अशोकनगर, थाना प्रभारी थाना-कोतवाली थाना क्षेत्र थाना कोतवाली अशोकनगर,थाना प्रभारी थाना-देहात थाना क्षेत्र थाना देहात अशोकनगर,बाल कल्याण अधिकारी थाना कोतवाली थाना क्षेत्र थाना कोतवाली अशोकनगर,परियोजना अधिकारी अशोकनगर (शहरी /ग्रामीण), संबंधित क्षेत्र की समस्त सुपरवाईजर होगीं। वन स्टॉप सेंटर (सखी)महिला एवं बाल विकास विभाग, तहसील परिसर अशोकनगर में बनाया गया है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी गगन साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल और रोहित साहू ने उसे अश्लील गालियां दी और ईंट फेंककर मारी, और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमरौद सिंगराना निवासी भरत रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल पाल, सुमित, सुरेश, गजराम पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुरेश पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बंटी और भरत रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीसोर निवासी रजनी सपेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक सपेरा ने उसकी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम माधौपुर निवासी फूलाबाई मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल और पूजा मोगिया ने ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## छात्र-छात्राओं ने ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा में भाग लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संचालित ओम ताइक्वांडो फिटनेस अकैडमी द्वारा दिनाँक 12 अप्रैल को ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया।

ताइक्वांडो कोच ओम चतुर्वेदी के द्वारा संचालित अकैडमी में बालक-बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ बेल्ट परीक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोजित बेल्ट सर्टिफिकेशन परीक्षा में 15 खिलाडियों ने ग्रीन बेल्ट एवं 8 खिलाडियों ने रेड बेल्ट प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमे जिला ताइक्वांडो संघ सचिव, सोम थापा मुख्य परीक्षक के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन के मुख्य अतिथि अशोक नगर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, गजेंद्र सिंह कंवर ने प्रतिभागियों को खेलों के माध्यम से अनुशासित जीवन जीकर आत्मरक्षा और देशसेवा के लिए समर्पित होने के लिए प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। ट्रैफिक प्रभारी मनीष चैहान जी ने भी कहानियों से प्रेरित कर बच्चों को खेलों के द्वारा समय पालन और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में अपनाने के बारे में बताया। अन्य अतिथियों में लायंस स्कूल के संचालक रजनीश शर्मा एवं जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

सोमवार को संस्था में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या डा रेनु राजेश एवं कार्यक्रम प्रभारी डा दीक्षा भट्ट के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यार्थियों के लिये आज निबंध लेखन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 45 विद्यार्थी प्रतिभागी बने प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।सभी प्रतिभागियों ने जल संरक्षण विषय पर अपने-अपने विचारों को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मोनिका नामदेव, संगीता अहिरवार, अरविंद कौशिक, प्रवीण कौशिक एवं प्राची जैन की सहभागिता रही।

### प्रधानमंत्री ने किया नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित

अशोकनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधन किया। कलेक्ट्रेट अशोकनगर के एनआईसी कक्ष में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाईव प्रसारण किया गया। जिसमें अशोकनगर जिले में मातृशक्ति द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को वर्चुअल रूप से सुना गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। जिले में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष एवं नगर पालिका सभागार अशोकनगर में किया गया। इस दौरान महिला जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में महिला मातृशक्ति की सहभागिता रही। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में रीना मनोज शर्मा उपाध्यक्ष, नगरपालिका अशोकनगर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग अशोकनगर चंद्रसेना भिड़े, शालिनी खैरा (पार्षद), निक्की रघुवंशी (पार्षद) तथा भारती साहू उपस्थित रहीं।

## ईसागढ़ में डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती मनाई

# जयंती पर जल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ईसागढ़



जनपद पंचायत ईसागढ़ के सभा कक्ष में डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि जगन्नाथ सिंह रघुवंशी विधायक चंदेरी एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि महोदय द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र एवं उनके शिक्षा में योगदान सहित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया एवं उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ़ए पी प्रजापति द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए 8 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक आयोजित कार्यक्रम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक महिला सशक्तिकरण हेतु जानकारी दी गई इसके पश्चात कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल चैपाल का आयोजन कर जल यात्रा निकाली गई एवं जल को संचय करने और जल स्त्रोतों को बचाने के बारे में आम जनों को जागरूक किया गया साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी पानी बचाओ के तरीके एवं जल संरक्षण हेतु आयोजन किए जाने के संबंध में विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में ईसागढ़ मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह ,मंडल अध्यक्ष ढाकोनी जितेंद्र यादव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्यघूमन आदिवासी जनपद सदस्य संतोष देवलिया जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राव रणजीत सिंह यादव उपस्थित रहे मंचासीन अतिथियों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने हेतु उपस्थित जनों से अपील करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजन हेतु निर्धारित एजेंडा से अवगत कराया गया,कार्यक्रम में पंचायत इंस्पेक्टर बाबूराम दोहरे,एपीओ मनरेगा ओमेश शर्मा, बीसी जन अभियान परिषद द्वारका प्रसाद पाठक,बीसी एसबीएम सतपाल सिंह जाट,टीम मेंबर एनआरएलएम सविता अहिरवार,परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग,सरपंच.सचिव, आरएस सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित हुए, कार्यक्रम में संविधान की संक्षेपिका का वाचन किया गया एवं पानी बचाने एवं जलस्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

**खबर संक्षेप**

### जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले में तीन अलग अलग स्थानों पर जुओं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की गई है। जिले की ईसागढ थाने की पुलिस ने ग्ाम ओडीला में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए ओमप्रकाश सोनी और रामेश्वर केवट को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 1220 रूपए जप्त किए हैं। जिले की मुंगावली पुलिस ने अजीज कॉलोनी में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सीताराम कटारिया, अमित खान को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 1250 रूपए जप्त किए हैं। जिले की सेहराई पुलिस ने माता मोहल्ला में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए हरीसिंह अहिरवार, दीपक अहिरवार, कल्लू, घनश्याम और संजय अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी व 1750 रूपए जप्त किए हैं।

### पुलिस ने आगजनी की घटना में अज्ञात पर मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत विगत दिनों बद्रीप्रसाद श्रीवास्तव के घर में आग लग जाने से सामान जलकर नष्ट हो गया था, जिसे लेकर कायस्थ समाज द्वारा एक ज्ञापन भी दिया गया था। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाए जाने पर मामला दर्ज किया है।

### बाईक और लूना आपस में टकराई

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ढाकोनी रोड पर दो वाहन आपस में टकरा गए जिनके एक बाईक और लूना शामिल हैं। लूना चालक कैलाश जोशी निवासी आकलोन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि काले रंग की बाईक के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से नैथाई निवासी कार्तिक ओझा बाईक चालक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि टीव्हीएस लूना के चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु सभी आवश्यक कार्य किये जाए। साथ ही जिले में दुर्घटना स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित विभागों द्वारा की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क मोड पर सांकेतिक बोर्ड एवं रिफ्लेक्टर लगाये जाएं बैठक में जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट के संबंध में सुधार एवं निगरानी, नये पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन कर उन्हें पैड पार्किंग बनाये जाने, शहर के मुख्य मागों से आवारा पशुओं को हटाया हटाये जाने, राजघाट चंदेरी अंतर्गत प्राणपुर घाटी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में कमी लाए जाने के संबंध में आवश्यक चर्चा के निर्देश दिए।

## एसडीओ ने कहा- कई पत्र लिखे लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई

# तुलसी सरोवर जल संसाधन विभाग का है यहां नपा सालों से कर रही निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर शहर के बीचों बीच बहने वाले तुलसी सरोवर को लेकर अजीव स्थिति बनी हुई है। यह तालाब जल संसाधन विभाग का है और इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा तैयार की गई हैं। पिछले 15 वर्षों से यहां नगरपालिका आमजनों की सुविधा के लिए निर्माण कार्य करती आ रही है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ का कहना है कि अभी तालाब हस्तांरित नहीं हुआ है, उसके बाद भी यह निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।

शहर में तुलसी सरोवर का निर्माण वर्ष 1977 में पूरा हुआ था, जनता पार्टी की सरकार आने से पहले मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार के मुखिया पंडित श्यामा चरण शुक्ल ने इस तालाब का लोकार्पण किया था। जब से यह तालाब अस्तित्व में हैं, उस समय इस तालाब का उददेश्य यह था कि इस तालाब से निकलने वाली नहर के माध्यम से आस पास की फसलों की सिंचाई हो सके। लेकिन इस तालाब के आसपास तेजी से शहर की बसाहट होने के बाद तथा शहर का वायपास मार्ग इसी तालाब के किनारे से निकलने के कारण यह तालाब शहर के बीचों बीच आ गया और तालाब से निकलने वाली नहर भी बंद हो गई है व फसलों की सिंचाई भी अब नहीं होती है।




**2016 से नगरपालिका को हस्तांरित करने की प्रक्रिया चल रही है जो आज भी अधूरी**

जल संसाधन विभाग के एसडीओ वीके शाक्य का कहना है कि जहां जहां इस तरह के तालाब हैं और फसलों की सिंचाई होना बंद हो गई है वह तालाब अन्य कार्यों के लिए उपयोग में आ रहे हैं, अशोकनगर के इस तालाब को लेकर पिछले 20 सालों से कोई सिंचाई नहीं हुई है, 2016 से इस तालाब को नगर पालिका के लिए हस्तांरित करने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन आज तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। उसके पहले ही नगरपालिका इस तालाब को अपना मान चुकी है और तब से ही नगरपालिका में आने वाली परिषदें यहां निर्माण कार्य करती आ रही हैं, पिछले 10 सालों से यहां निर्माण कार्य चल रहा है। इस संबंध में विभाग ने कईं बार लिखा है कि बिना अनुमति के कोई भी निर्माण कार्य न किया जाए, लेकिन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली जाती,यहां निंरतर निर्माण कार्य चल रहे हैं।

### 60 हेक्टेयर क्षेत्र में बना है तालाब लेकिन सीमांकन आज तक नहीं

इस संबंध में एसडीओ वीके शाक्य ने बताया कि अशोकनगर यह तुलसी सरोवर तालाब जल संसाधन विभाग की संपत्ति है, इस तालाब का जब निर्माण हुआ था तब विभाग के रिकॉर्ड में इसका क्षेत्रफल 60 हेक्टेयर था लेकिन वर्तमान में इस तालाब के आस पास कईं निर्माण कार्य हो चुके हैं, इस तालाब को बचाने के लिए विभाग की ओर से सीमांकन हेतु कईं पत्र विभाग द्वारा जारी किए जा चुके हैं लेकिन आज तक इस तालाब का सीमांकन नहीं हो पाया है, अगर सीमांकन का कार्य हो जाए तो यह पता चल सके कि वर्तमान में तालाब कितनी भूमि पर है और कितनी भूमि पर अतिक्रमण है ताकि अतिक्रमण कारियों को नोटिस भी जारी हो सकें और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हो सके। क्योंकि वर्तमान में एनजीटी का प्रकरण भी चल रहा है, उसे देखते हुए विभाग द्वारा इस तालाब को लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### सीमांकन को लेकर आधा दर्जन पत्र हो चुके है जारी

सीमांकन को लेकर विभाग द्वारा आधा दर्जन पत्र जारी किए जा चुके हैं, लेकिन सीमांकन का कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा इस तालाब के निर्माण को लेकर बड़ी राशि खर्च की गई थी, भू अर्जन की कार्यवाही भी हुई थी, विभाग का जो पैसा लगा है, वह पैसा नगरपालिका से दिए जाने की मांग की गई थी लेकिन आज तक इस दशा में कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### 49 वर्ष का हो चुका है अशोकनगर का तुलसी सरोवर तालाब

ज्ञात हो कि अशोकनगर का यह तुलसी सरोवर 49 वर्ष का हो चुका है इस तालाब को बचाए जाने की जिम्मेदारी सबकी है, तालाब चाहे जल संसाधन विभाग का रहे या फिर नगरपालिका का हो। यह तालाब अशोकनगर के लिए बहुत उपयोगी है, इस तालाब से यह फायदे हैं कि शहर के लोगों को धार्मिक कार्यों पूरा करने के लिए जल स्त्रोत की तलाश रहती है।

### तालाब को अतीत के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए बचाना जरूरी

वर्तमान में शहर के अंदर एक मात्र तालाब के रूप में जल स्त्रोत तुलसी सरोवर ही है, इससे लोगों की धार्मिक आस्थाएं पूरी होती हैं, साथ में यह तालाब अशोकनगर शहर की सुंदरता को भी चार चांद लगाने वाला हो सकता है। इसीलिए तालाब के किनारे विश्राम गृह का निर्माण किया गया था ताकि यहां आने वाले व्हीआईपी लोग एक ओर तालाब और दूसरी ओर तुलसी सरोवर पार्क का प्राकृतिक आंनद ले सकें। साथ में यह तालाब इसलिए भी बहु उपयोगी है क्योंकि इससे शहर का जल स्तर बनाए रखने में मदद मिलती है। आस पास की कॉलोनियों में निवास करने वाले लोगों के यहां चलने वाले बोर आसानी से काम करते हैं। इस लिए इस तालाब को अतीत के बाद वर्तमान में और भविष्य के लिए भी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, एक की मौत, दूसरे घायल को भोपाल किया गया रेफर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के अशोकनगर बेलई सड़क मार्ग पर मुंगावली की ओर से आ रहे एक बाईक चालक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में बाईक पर बैठे एक युवक की मौत हो गई है और दूसरा घायल हो गया है, जिसकी हालत गंभीर होने के बाद डॉक्टरों द्वारा उसे भोपाल रैफर किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम लप्तौरा निवासी संजू आदिवासी और राजाबाबू आदिवासी बाईक से अशोकनगर जिला अस्पताल आ रहे थे,जिला अस्पताल में वह एक मरीज को देखने के लिए आ रहे थे, जब उनकी बाईक अशोकनगर बंगला चैराहे मार्ग पर कोयल घाटी से होते हुए अशोकनगर आ रहे थे, तभी रास्ते में पड़ने वाले मोड़ पर सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी, वाहन चालक घटना के बाद अपना वाहन लेकर फरार हो गया। जिसकी सूचना डायल 112 पर थाना बहादुरपुर को दी गई, जिसके बाद डायल 112 वाहन मौके पर पहुंची और दोनो घायलों को जिला अस्पताल अशोकनगर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक घायल को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरा घायल था।

शुरू में दोनों की पहचान अज्ञात के रूप में हुई थी बाद में उनकी पहचान होने के बाद उनके परिवार जनों को घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद परिवार जन रात्रि में अशोकनगर अस्पताल पहुंचे। इस घटना में मृतक की पहचान संजू पुत्र हरेदव आदिवासी उम्र 26 साल और घायल राजाबाबू पुत्र देशराज आदिवासी उम्र 26 साल निवासी लप्तौरा के रूप में की गई है। दोनों आपस में मामा भांजे हैं, इस घटना में भांजे की मौत हो गई है और मामा घायल है, जिसे गंभीर अवस्था में भोपाल रैफर किया गया है। मृतक का पोस्टमार्टम अशोकनगर जिला अस्पताल में किया गया, पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारजनों को सौंप दिया गया है। दोपहर में मृतक का अंतिम संस्कार लप्तौरा गांव में किया गया। घटना के बारे में बताया गया है कि मामा भांजे बाईक से जिस मरीज को देखने के लिए जिला अस्पताल आए थे वह मरीज उनके आने से पहले ही अस्पताल से छुटटी कराकर जा चुका था, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनके साथ यह घटना हो गई। बताया गया है कि मृतक संजू आदिवासी शादीशुदा है और उसके यहां पहली डिलेवरी 7-8 दिनों में होना है वह पिता बनने से पहले ही मृत हो गया, जबकि घायल राजाबाबू आदिवासी एक बेटी का पिता है, जिसका उपचार भोपाल में चल रहा है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

# समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन को लेकर निर्देश किए जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने विभागबार प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी विभागों द्वारा समय सीमा के पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करना सुनिश्चित करें। जिन प्रकरणों में उत्तर लंबे समय से लंबित है उनमें तत्काल कार्यवाही कर प्रकरणों का निराकरण किया जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि डी ग्रेड में आने वाले विभाग मेहनत कर शिकायतों का निराकरण कर ग्रेडिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एलपीजी से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें।

**शिकायतों का निराकरण कर ग्रेडिंग में सुधार लाएं**

उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अभियान के तहत चल रहे कार्यो में प्रगति लाएं। संबंधित विभाग अपने-अपने लॉगिन के माध्यम से गतिविधियो को पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जाए।उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लक्ष्य अनुरूप वैक्सीनेश का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों द्वारा समय सीमा में निराकरण किया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, बृजविहारीलाल श्रीवास्तव आदि रहे मौजूद।

### मादक पदार्थों पर कार्रवाई और नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** जिले में मादक पदार्थों पर कार्यवाही एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय बैठक कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी समन्वित प्रयास संबंधित अधिकारियों द्वारा किये जाए। साथ ही मादक पदार्थों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस हेतु जन जागरूकता के माध्यम से लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया जाए। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में आसूचना/सूचना का आदान-प्रदान किया जाए।जिले में अफीम, भांग आदि की फसल की अवैध खेती की निगरानी रखी जाए। ऐसे प्रकरण जो राज्य के बाहर संबंधी हों उनकी जांच की प्रगति की निगरानी की जाए। स्कूलों, कॉलेजों आदि में नशीली दवाओं के दुरूपयोग विरोधी जागरूकता को बढावा देने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए। एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों और दवाओं के हानिकारक प्रभावों पर मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाए। जिलें में नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का पर्यवेक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

# डॉक्टर की लापरवाही ने ली महिला की जान

**पहले भी बच्चे की मौत के मामले में जा चुका है जेल, पुलिस मामले की जांच में जुटी**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी नगर में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को ठेंगा दिखाकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से एक और परिवार उजड़ गया। दांत निकलवाने गई एक महिला की गलत इंजेक्शन और बिना सूझबूझ के किए गए इलाज के कारण मौत हो गई। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी डॉक्टर की क्लीनिक को सील कर दिया है।

### क्या है पूरा घटनाक्रम?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंदेरी के पछियापुरा जागेश्वरी मोहल्ला निवासी रेखा बाई (50 वर्ष), पति भगवान दास कोली, अपनी दाढ़ (दांत) निकलवाने के लिए नगर के चर्चित डॉक्टर प्रदीप रैकवार जिसे घंटी डॉक्टर के नाम से जाना जाता है के पास गई थीं। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टर ने बिना किसी जांच-पड़ताल और बिना यह पूछे कि महिला ने कुछ खाया-पिया है या नहीं, सीधे इंजेक्शन लगा दिया और उसकी




दाढ़ निकाल दी। इलाज कराकर महिला जैसे ही अपने घर पहुंची, उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही पलों में उसने दम तोड़ दिया। घबराए परिजन आनन-फानन में महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### परिजनों का आक्रोश गलत इंजेक्शन बना मौत का कारण

महिला की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डॉक्टर ने बिना किसी सूझबूझ के गलत इंजेक्शन लगाया, जिससे महिला की तत्काल मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पुराना अपराधी है झोलाछाप डॉक्टर

यह पहली बार नहीं है जब इस डॉक्टर की वजह से किसी की जान गई हो। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले भी एक मासूम बच्चे की मौत इसके गलत इलाज से हुई थी। उस मामले में भी डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज हुआ था और उसे जेल की सजा काटनी पड़ी थी। जेल से बाहर आने के बाद उसने फिर से मौत का कारोबार शुरू कर दिया।

### प्रशासन की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और पुलिस सक्रिय हुई। स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्घंटी डॉक्टर की क्लीनिक को सील कर दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि होगी।

## 15 अप्रैल को स्पेशल ट्रेन दिल्ली के लिए होगी रवाना

# श्री आंनदपुर धाम में मेले पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर श्री आनंदपुर धाम में वैशाखी के मौके पर एक मेले का आयोजन किया गया है, 13 अप्रेल को यहां शाही स्नान का आयोजन किया गया। 14 अप्रेल को यहां पादशाही गुरू महाराज के प्रवचन होगें और लंगर का आयोजन होगा, जिसके बाद वैशाखी मनाते हुए श्रद्धालु अपने घरों के लिए गुरू भक्ति के साथ रवाना होगें।

वैशाखी के मेले पर श्री आनंदपुर मे बडी संख्या मे श्रृदालु पहुचतें है। यहा पहुचने के लिए रेल साधन नही है। यहा सडक मार्ग से ही पहुचा जा सकता है। यहा पहुचने के लिए श्रृदालु अशोकनगर स्टेशन के साथ उत्तरप्रदेश के ललितपुर स्टेशन उतरते है और वहा से बसो द्वारा श्री आनंदपुर धाम पहुचते है। ललितपुर मे भी श्री आनंदपुर धाम का आश्रम है और अशोकनगर मे भी अतुल धाम के नाम से आश्रम है। यहा देश भर से श्रृदालु तो आते ही है विदेशो से भी श्रृदालु आते है। देश भर के विभिन्न स्थानो से श्रृदालु अशोकनगर स्टेशन पर आते है और यहा से ट्रस्ट की बसो द्वारा श्री आनंदपुर धाम पहुचते है। 13 अप्रैल को वैशाखी का पर्व मनाए जाने के बाद श्रृद्धालुओ का लौटना प्रारंभ हो गया है। नई दिल्ली से अशोकनगर के बीच चलाई जाने वाली एक स्पेशल टेन यहा 12 अप्रैल को नई दिल्ली से अशोकनगर पहुची थी और 15 अप्रैल को इस टेन की वापसी अशोकनगर से नई दिल्ली के लिए होगी।






अशोकनगर मे स्पेशल टेन आने और अन्य साधनों से आने वाले श्रृदालुओ के कारण यहां के लोगो को रोजगार प्राप्त होता है। सामान लाने और ले जाने वाले लोगो को इस तरह के मेले का पूरे वर्ष भर इंतजार रहता है। अशोकनगर स्टेशन के बाहर लगने वाली दुकानो पर भी ग्राहको की रौनक रहती हैं तथा अशोकनगर आश्रम के बाहर भी कई प्रकार सामान की दुकाने श्रृदालुओ के लिए सजी हैं। वह श्रृदालु यहां से अपने पंसद का सामान खरीदकर ले जाते है। वैशाखी के बाद ऐसा ही मेला गुरूपूर्णिमा पर आयोजित होता है। यहा के मंदिर अत्यंत दर्शनीय है। अब यहा संगत के अलावा अन्य वर्ग के लोग भी मनोकामना पूर्ण होने की इच्छा को लेकर यहा आते है। यहा अनेक श्रृदालु दिल्ली, ग्वालियर, शिवपुरी के रास्ते अपने निजी वाहनो से पहुचते है। आनंदपुर को लंबे समय से रेल लाइन का इंतजार है। आनंदपुर के साथ आसपास के क्षेत्रो को भी इसका लाभ मिल सके। इस कारण इस रेल लाइन को स्वीकृत किए जाने आवश्यकता है ताकि यात्री लाभांवित हो सके।

**सुविधा देने के बाद सुविधा छीनी गई**

उज्जैनी एक्सप्रेस जब अशोकनगर के रास्ते निकलती थी तो पंजाब और दिल्ली की ओर से आने वाले श्रद्धालु लाभान्वित होते थे लेकिन इस ट्रेन का मार्ग परिवर्तित कर गुना, शिवपुरी के रास्ते चलाया जा रहा है, यह ट्रेन तो बंद कर दी गई लेकिन इसके बदले में कोई नई ट्रेन नहीं चलाई गई।

# धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

## विधायक के मुख्य आतिथ्य में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

भारतीय संविधान के शिल्पी, महान समाज सुधारक एवं भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। पुरानी जेल बिल्डिंग के पास स्थित डॉ. बाबा साहब अंबेडकर पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम के



मुख्य वक्ता पूर्व बीआरसीसी हरिराम अहिरवार ने बाबा साहब के जीवन दर्शन और उनके कड़े संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी बाबा साहब ने शिक्षा प्राप्त की और देश को एक प्रगतिशील संविधान दिया। क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने अपने संबोधन में बाबा साहब की उपलब्धियों को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिखाए गए समानता और बंधुत्व के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। अन्य वक्ताओं द्वारा भी संबोधित किया गया साथ ही इस मौके पर अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के विभिन्न प्रतिभवान छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की भारी उपस्थिति रही जिनमें प्रमुख रूप से धर्मेंद्र जैन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, मनीष मोदी, दीपक पालीवाल भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश ग्वाल जिला महामंत्री, विवेक यादव जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, पुष्पेन्द्र सिंह दांगी सांसद प्रतिनिधि, आलोक इटोरिया जनपद सीईओ साथ ही कार्यक्रम में सामाजिक बंधुओं, नगर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

### जीरापुर, छापीहेड़ा और माचपुर से बुलाई फायर ब्रिग्रेड ने पाया आग पर काबू

# फर्नीचर गोदाम में आग ने मचाया तांडव लाखों का सामान जलकर हुआ खाक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के विजया कान्वेंट स्कूल रोड के पास नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि के मकान के पीछे स्थित शारदा फर्नीचर के गोदाम में करीबन पांच बजे अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखा शादी का फर्नीचर, सोफा सेट, डबल बेड, सेंटर टेबल, गद्दे, कूलर, फ्रिज और टीवी पूरी तरह जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार गोदाम मालिक राहुल पिता ओंकारलाल विश्वकर्मा निवासी भंडावद वाले के गोदाम में आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन आग ने पूरे समान को चौपट कर दिया।

#### 3 घंटे में आग पर पाया काबू

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन आग का विकराल रूप देखते हुए प्रषासन ने आग बुझाने के लिए जीरापुर, छापीहेड़ा और माचलपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं। करीब 2 से 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक गोदाम के अंदर के समान के साथ साथ बाहर लगी टीन शैड भी जलकर खत्म हो गई। स्थानीय नगर परिषद की फायर ब्रिगेड पहले दोर में आग बुझाने में सहायक रही वहीं बाद में फायर ब्रिगेड का पम्प नहीं चला जो जन चर्चा का विषय बना।

#### गोदाम में रखा पूरा सामान बना राख

इस हादसे में गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। जिससे व्यापारी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। शादी विवाह लग्न को देखते हुए गोदाम मालिक ने लाखों रुपए का समान भर रखा था। गोदाम से लगे सचिन अग्रवाल एवं रामबाबू गुप्ता भोजपुर वाले के नवनिर्मित मकान की दीवार भी क्षति ग्रस्त हुई। मौके पर एसडीएम अंकिता जैन, एसडीओपी डीएस नागर, तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी, थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा, सब इंस्पेक्टर संतोषसिंह, नगर परिषद पुलिस विभाग, तहसील विभाग का अमला एवं जन समुदाय भारी संख्या में मौजूद रहे। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की विवेचना कर रही है।

# हाईवे किनारे रेस्टोरेंट में चोरों ने चटकाए ताले, नकदी सहित सामान किया चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नेशनल हाईवे स्थित इंडस्ट्रीज एरिया में रविवार रात एक रेस्टोरेंट में चोरी की वारदात सामने आई। चोरों ने दुकान के जालीदार गेट और शटर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नकदी सहित कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार, इंडस्ट्रीज एरिया में आनंद ट्रेडर्स के सामने, कुरावर और इंडस्ट्रीज एरिया के बीच स्थित राठौर रेस्टोरेंट संचालक पप्पू राठौर पिता अमृतलाल राठौर रविवार रात अपने पूरे परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर पूजा के लिए गए हुए थे। रात करीब 11 बजे वे दुकान के आसपास का जायजा लेकर सब कुछ व्यवस्थित पाकर अपने घर लौट गए थे। लेकिन सोमवार सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो नजारा देखकर हैरान रह गए। दुकान की जाली का ताला टूटा हुआ पड़ा था और अंदर शटर के दो ताले भी कटे व टूटे मिले। इसके बाद जब वे अंदर गए तो पलंग पेटी का ताला भी टूटा मिला। फरियादी के अनुसार, पेटी में रखे करीब 60,000 रूपये नकद, एक गुल्लक जिसमें लगभग 4-5 हजार रुपए और एक राजश्री बैग (कीमत लगभग 25,000 से 30,000) चोरी हो गया। कुल मिलाकर करीब 1,00,000 के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के क्षेत्र में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

#### स्थानीय लोगों में आक्रोश

इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में डर और नाराजगी का माहौल है। उनका कहना है कि हाईवे और इंडस्ट्रीज एरिया में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिसके चलते चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## अज्ञात कारण के चलते युवक ने लगाई फांसी, परिवार में छाया मातम

**कुरावर/पीलूखेड़ी।** नगर के समीप एक घटना सामने आई है, जहां 22 वर्षीय युवक ने अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राजेन्द्र पिता सत्यनारायण के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे की है। जब मृतक की छोटी बहन घर पहुंची तो उसने कमरे के अंदर भाई को फंदे पर लटका देखा। यह दृश्य देखते ही उसने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों की मदद से युवक को तुरंत फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिवार के सदस्य पास ही स्थित ईंट भट्टे पर काम करने गए हुए थे। युवक रविवार देर रात भोपाल से ईंट बेचकर घर लौटा था। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक का माहौल है। वहीं, आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा

# विधायक के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र को मिले 8 नए डॉक्टर



**जीरापुर।** खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक हजारीलाल दांगी के लगातार प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के जीरापुर, माचलपुर खिलचीपुर में आठ नए डॉक्टर की नियुक्ति हुई, जिसमें 4 डॉक्टर सिविल अस्पताल खिलचीपुर, 3 डॉक्टर सिविल अस्पताल जीरापुर तथा 1 डॉक्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर में अपनी सेवाएं देंगे। विधायक हजारीलाल दांगी ने बताया कि उनके द्वारा लगातार आयुक्त स्वास्थ्य विभाग भोपाल, स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मुख्य मंत्री मोहन यादव से संपर्क कर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए डाक्टर की नियुक्ति करवाई गई। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरों के मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा इन अस्पतालों में मिल सकेगी। अधिकांश ऐसे मरीज रहते हैं जिन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अन्यत्र जाना पड़ता है उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक तौर पर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।
विधायक दांगी के प्रयासों से सिविल अस्पताल जीरापुर के लिए डॉ निलेश कुमार एनेस्थिसियोलॉजी , डॉ पूजा पटेल जनरल मेडिसिन , और डॉ शिखा मीना स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ व एक डॉक्टर माचलपुर अस्पताल के लिए डॉ आकाश मीणा की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग को मिली सौगात को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का विधायक ने आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



सोमवार को जिले के कालीपीठ, चाठा एवं बैलास उपार्जन केंद्रों का कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन व्यवस्था का गहनता से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल, छांव, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

साथ ही निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र चाठा में व्यवस्थाओं में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नोडल अधिकारी नरेश मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंपने उपार्जन केंद्रों पर खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार उपार्जन कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बॉटम-5 में शामिल विभागों को रैंकिंग में सुधार के निर्देश

# समय-सीमा बैठक आयोजित, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश



**राजगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण एवं पुराने अभिलेखों को सुरक्षित रूप से संधारित करें। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित करते हुए उन्हें पेनड्राइव अथवा ई-ऑफिस प्रणाली में सुरक्षित रूप से रिकॉर्ड किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर आसानी से उपलब्ध हो सकें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। विशेष रूप से बॉटम-5 में शामिल विभागों को एक सप्ताह के भीतर अपनी रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान समय-सीमा के लंबित आवेदनों पर बिंदुवार (1-2-1) चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में हितग्राहियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उनके आवागमन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में अपर कलेक्टवर प्रतापसिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नलों में टोटी लगाने किया प्रेरित



**जीरापुर।** नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नलों में टोटी अभियान चलाया गया। नगर परिषद ने जल उपभोक्ताओं से आह्वान कर नलों में टोटी लगाने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें पानी भरने के बाद अपने नल की टोटी बंद करें। गर्मी ऋतु को ध्यान में रखते हुए पानी बचाओ पानी व्यर्थ ना बहाओं अभियान की शुरुआत की गई। नगर के माचलपुर रोड से अभियान प्रारंभ किया जिसमें हर कनेक्शन पर टोंटी लगाने की सलाह देने का काम वॉल मेंन करेंगे। जहां हर अपने-अपने मोहल्ले वार्ड में टोंटी लगाने की शुरुआत की गई। अभियान में प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, जल शाखा कर्मचारी सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में चल रहे निर्माण कार्यों का कराना होगा पंजीयन

**ब्यावरा।** श्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार नियम, 1998 एवं मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम, 1996 की धारा 46, 48 एवं धारा 7 क प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक निर्माण कार्य के प्रारंभ से पूर्व संबंधित नियोजक द्वारा कार्य प्रारंभ होने के 30 दिवस पूर्व श्रम विभाग को सूचना देना एवं पंजीयन कराना अनिवार्य है, बिना पूर्व सूचना एवं बिना पंजीयन के निर्माण कार्य करना उपर्युक्त अधिनियमों एवं नियमों का उल्लंघन है। यदि किसी अपंजीकृत अथवा बिना पूर्व सूचना के संचालित निर्माण स्थल पर कोई अप्रिय घटना, दुर्घटना घटित होती है, तो उसकी समस्त जवाबदेही संबंधित नियोजक निर्माण एजेंसी ठेकेदार की होगी एवं ऐसे प्रकरणों में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियमन एवं सेवा शर्त) अधिनियम, 1996 तथा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों द्वारा विधिसम्मत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिले अंतर्गत समस्त निर्माण एजेंसीयों, ठेकेदारों, नियोजकों से अपील है कि जिले अंतर्गत संचालित अपंजीकृत निर्माण कार्यों का तत्काल पंजीयन कराए एवं नियमानुसार निर्माण लागत की 1 प्रतिशत राशि उपकर के रूप में कर्मकार मंडल में जमा कराएं।

# महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के विस्तार की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शहर के शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के अधिकार को लेकर छात्रों की महत्वपूर्ण मांगों के समर्थन में एनएसयूआई ने प्राचार्य एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अलरजा कुरैशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से महाविद्यालय में एलएलबी,बीबीए और एमएससी जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की मांग उठाई गई। एनएसयूआई का कहना है कि सारंगपुर क्षेत्र के कई मेधावी छात्र आर्थिक तंगी के चलते बाहर जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं। वहीं दूरी और सुरक्षा कारणों से कई अभिभावक अपनी बेटियों को बाहर पढ़ने भेजने में असमर्थ रहते हैं। छात्र नेताओं ने बताया कि यदि ये कोर्स स्थानीय स्तर पर शुरू किए जाते हैं तो न केवल क्षेत्र के छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि विशेष रूप से महिला शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान महाविद्यालय उपाध्यक्ष देव गुर्जर, सचिव रामपाल हाड़ा, कैफ मंसूरी, अरुण भिलाला, कपिल कराड़ा सहित एनएसयूआई की पूरी टीम उपस्थित रही। अंत में एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अलरजा कुरैशी ने प्रशासन से मांग की कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए इन पाठ्यक्रमों को जल्द से जल्द महाविद्यालय में प्रारंभ किया जाए, ताकि स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें।

# महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्ठा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चारू शर्मा कांस्टेबल थाना, जगदीश यादव असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, दिलीप कुमार राठौर आर्मी एयर डिफेंस, गंगानगर, राजस्थान उपस्थित रहे। जहा अतिथियों ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी हैं और नारी शक्ति ही देश की वास्तविक शक्ति है। संचालन दिनेश दांगी ने किया संयोजक दिव्यांश शर्मा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ. रश्मि सोनी, कनीज अंसारी, डॉ. कमल सिंह अहिरवार, पित्तरुस धुर्वे, भुवनेश गुप्ता, डॉ. रीना पाटीदार, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता, कपिल वैष्णव, केतन गुप्ता, मुकेश सेन, ललित कुमार शर्मा, रोहित मालवीय, मनोहर परमार सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पहले जाति प्रमाण-पत्र जारी फिर किया बंद

# जाति प्रमाण पत्र जारी रखने की मांग को लेकर पाल समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



तहसील में पाल समाज के लोगों द्वारा अपनी समाज के जाति प्रमाण पत्र को लेकर कई दिनों से जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे थे। लगातार प्रयास के बाद मुश्किल से उनके कुछ जाति प्रमाण पत्र बन पाए कि अचानक से फिर उनका जाति प्रमाण पत्र बनाना बंद कर दिया।

इसी को लेकर पाल समाज के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे के नाम ज्ञापन देना चाहा किंतु मौके पर अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार नहीं मिले तो समाज के प्रतिनिधियों ने उनके नाम का ज्ञापन बाबू करण परिहार को सौंपकर समाज के लोगों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की।



ज्ञापन में बताया गया कि सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाल समाज के लोग लगभग 23 गांवों में निवास करते हैं, जिनकी कुल आबादी करीब 20 हजार है। समाज की लगभग 70 प्रतिशत आबादी ओबीसी वर्ग में आती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व में पाल समाज के कई लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जा चुके हैं, लेकिन वर्तमान में जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते समाज के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं और प्रवेश प्रक्रियाओं में जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है, जो समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

इस दौरान समाजजनों ने बताया कि पहले एसडीएम कार्यालय द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाते थे, लेकिन अब किसी कारणवश प्रक्रिया बाधित हो गई है, जिससे विद्यार्थियों और आम लोगों में असंतोष की स्थिति बन रही है। पाल समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेकर जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में बड़े तालाब के घाट की हुई साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड जीरापुर द्वारा सोमवार को नगर के बड़े तालाब की पेडिया घाट साफ सफाई की गई है। संस्था श्री महावीर चाठा कुंडी बालाजी शिक्षण समिति माचलपुर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति माचलपुर के द्वारा घाट पर हो रही गंदगी को श्रम दान कर साफ सफाई की गई। जिसमें ब्लॉक समन्वयक बिरमसिंह परमार, नवांकुर संस्था अध्यक्ष दिनेश कुमार लववंशी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम लववंशी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष यशवंतसिंह गुर्जर, सचिव सत्यनारायण गुर्जर, रामबाबू मालाकर, आकाश लववंशी, राकेश केवट, विकास केवट सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।